# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17,547 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हल्द्वानी (नैनीताल) में आयोजित कार्यक्रम में 17,547 करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया इनमें 3420 करोड़ रुपए की 06 योजनाओं का लोकार्पण और 14,127 करोड़ रुपए की 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एम्स के सैटेलाइट सेंटर और पिथौरागढ़ के मेडिकल कालेज से कुमाऊँ और तराई क्षेत्र के लोगों के लिये विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। विभिन्न सड़क प्रोजेक्ट कुमाऊँ को बेहतर कनेक्टीवीटी देंगे। टनकपुरबागेश्वर रेल लाईन पर भी जल्दी से काम शुरू होगा।
- प्रधानमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी को नए साल की एक और सौगात दी जाएगी। हल्द्वानी के ओवरऑल विकास के लिये 2 हज़ार करोड़ की योजनाएँ लायी जाएंगी जिससे यहां अभूतपूर्व विकास होगा।
- केंद्र सरकार ने नैनीताल के देवस्थल पर भारत की सबसे बड़ी ऑप्टिकल टेलीस्कोप भी स्थापित की है। इससे देश-विदेश के वैज्ञानिकों को नई सुविधा तो मिली ही है, इस क्षेत्र को नई पहचान मिली है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किये गए साढ़े सत्रह हज़ार करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास में पाँच हज़ार सात सौ सैंतालीस करोड़ रुपए की लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना भी शामिल है।
- इस परियोजना से 300 मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन होगा जिससे प्रदेश न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में एक 'पावर हाउस'बनेगा बल्कि राज्य में बड़े स्तर पर रोज़गारों का सृजन भी होगा। साथ ही साथ इस परियोजना से 6 राज्यों को पीने का पानी भी उपलब्ध होगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से कुमाऊँ संभाग में लगभग 500 करोड़ से अधिक की लागत से एम्स का सेटेलाइट सेंटर के प्रारंभ होने के पश्चात् उत्तराखंड भारत का वह पहला राज्य बन जाएगा जहाँ एम्स के अतिरिक्त एम्स का सेटेलाइट सेंटर भी स्थापित होगा।
- पहाड़ के दुर्गम क्षेत्रों तक उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से 455 करोड़ रुपए की लागत से पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। सरकार चारधाम कॉरिडोर की तर्ज पर कुमाऊँ क्षेत्र में मानस खंड कॉरिडोर बनाने के लिये भी प्रयासरत है। इससे जहाँ एक ओर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर पूरे कुमाऊँ के आधारभूत ढाँचे को भी बल मिलेगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत चवालिस वर्षों से लंबित जमरानी बांध एवं पेयजल योजना शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रही है। हल्द्वानी में एकीकृत शहरी मूलभूत ढाँचे के विकास (इन्टीग्रेटेड अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इन हल्द्वानी) के लिये केंद्र सरकार के गंभीर प्रयासों से लगभग इक्कीस सौ करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prime-minister-narendra-modi-inaugurated-and-laid-the-foundation-stone-of-schemes-worth-rs-17,547-crore